आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज़ चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS 81

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 148 ● कटनी ● गुरुवार, 30 जून, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-1 ● विक्रम संवत 2079 शके 1935



**नर्मदा पूजन**

रोड शो के पहले नर्मदा पूजन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, विधायक तरूण भानोत, लखन घनघोरिया व कांग्रेस महापौर प्रत्याशी जगत बहादुर अन्नू

## स्मार्ट सिटी विजन से बनती है टेलीविजन से नहीं: नाथ



**जबलपुर में नाथ ने शिव पर किया हमला**

**जबलपुर, यशभारत।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने जबलपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सिर्फ घोषणा करने वाला मुख्यमंत्री बताया है और कहा है कि स्मार्ट सिटी टेलीविजन से नहीं बनती इसके लिए विजन की आवश्यकता होती है। वह यहां कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह अन्नू के पक्ष में रोड शो करने पहुंचे थे। इसके पहले उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की इस दौरान उन्होंने एक दिन पहले जबलपुर शहर में 1 घंटे की बरसात के बाद बनी बाढ़ की स्थिति के विषय में कहां की यहां 15 साल से भाजपा का महापौर है 18 साल से प्रदेश में भाजपा की सरकार है। उसके बाद भी जरा सी बारिश में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। वही स्मार्ट सिटी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जबलपुर ही नहीं सभी जगह स्मार्ट सिटी भ्रष्टाचार करने का एक माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी काम करने के लिए विजन की आवश्यकता होती है और शहर विकास के लिए 10 साल का विजन लेकर चलना चाहिए। वहीं उन्होंने भ्रष्टाचार के साथ-साथ आर्थिक विकास के लिए इन्वेस्टमेंट की बात कही लेकिन प्रदेश में भ्रष्टाचार के चलते यहां दूसरे राज्यों का इन्वेस्टमेंट नहीं आ रहा है। जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि क्षेत्र विकास और जबलपुर महानगर बनाने का जो सपना देखा है उसे निश्चित तौर पर पूरा करूंगा। शहर की जनता का प्यार स्नेह मिल रहा है उसका मैं आभारी हूं। आज एक बात तय हो गई कि कांग्रेस के पूर्व सीएम कमलनाथ, सांसद विवेक तन्खा और शहर के सभी विधायक चाहते है जबलपुर उन शहरों में गिना जाए जहां विकास की मुख्य धारा बह रही है।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, महापौर प्रत्याशी जगत बहादुर अन्नू, विधायक तरूण भनोत, लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, संजय यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## सड़क हादसे में मां-बेटे समेत तीन की मौत, तीन घायल

### रिश्तेदार के घर गमी से लौटते वक्त हुए हादसे का शिकार



**दतिया,एजेंसी।** दतिया जिले में पंडोखर थाना अंतर्गत सोहन बस स्टैंड के पास बुधवार शाम करीब छह बजे दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो जाने तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मृत सभी लोग अपने एक रिश्तेदार के घर गमी में शामिल होने गए थे। हादसे में घायल तीन युवकों को भांडेर के जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार भिण्ड जिले के ग्राम बरई थाना रावतपुरा निवासी रामशरन पुत्र रघुवीर, अपनी मां काशीबाई पत्नी रघुवीर तथा एक अन्य महिला मालती पत्नी सरमन केवट को बाइक से लेकर अपने रिश्तेदार पंडोखर निवासी रामकुमार केवट की मौत पर दुख प्रकट करने गए थे। रामकुमार की मौत बुधवार को सुबह 11 बजे नदी में मछलियां पकड़ने के दौरान हुई थी। रामशरन अपनी मां और महिला मालती के साथ एक ही बाइक से वापस घर जा रहा था। इसी दौरान सोहन बस स्टैंड हाइवे रोड पर शंकरजी मंदिर व सोसायटी बैंक के पास उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में रामशरन, उसकी मां काशीबाई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल मालती ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार अरुण रजक, आशीष परिहार निवासी सोहन एवं नीरज बरेठा को भी चोटें आई हैं। सूचना पर ग्रामीण व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को भांडेर अस्पताल पहुंचाया।

### पंचायत चुनाव का दूसरा चरण कल

## 106 जनपद पंचायतों की 7661 ग्राम पंचायतों में मतदान




**भोपाल यशभारत।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार बुधवार दोपहर तीन बजे से थम गया। एक जुलाई (शुक्रवार) को 106 जनपद पंचायतों की 7,661 पंचायतों में सुबह सात से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। संबंधित क्षेत्रों में स्थानीय अवकाश भी रहेगा। मतदान के ठीक बाद केंद्र स्तरीय मतगणना होगी। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह ने बताया कि मतदान के लिए 23,988 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। दूसरे चरण में 1,31,44,027 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। पुनर्मतदान की स्थिति न बने, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदान दल को आवंटित मतदान केंद्र के ही मतपत्र उपलब्ध कराए जाएं। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि न हो। पहले चरण के चुनाव में इस तरह की गड़बड़ियां सामने आई थीं। निर्विरोध निर्वाचित पंच के वार्ड के मतदाताओं को उस मतदान केंद्र से संबद्ध अन्य वार्ड के पंच पद का



**खबरदार...**

## प्रदेश में फिर बढ़ने लगा कोरोना

### चौबीस घंटे में मिले 126 मरीज

**भोपाल, यशभारत ।** कोरोना को लेकर लोगों को एक बार फिर सतर्क होने की जरूरत है। प्रदेश में कोरोना का संक्रमण पिछले तीन दिन से तेजी से बढ़ रहा है। बुधवार को कोरोना के नए मरीजों का आंकड़ा एक बार फिर बढ़कर 100 से ऊपर पहुंच गया। बुधवार को 7353 सैंपलों की जांच में 126 मरीज मिले हैं। संक्रमण दर पौने दो प्रतिशत के करीब रही। इससे एक दिन पहले 7208 सैंपलों की जांच में 93 संक्रमित मिले थे। प्रदेश में लगभग चार महीने बाद नए मरीजों की संख्या इस स्तर पर पहुंची है। मार्च के पहले हफ्ते में एक दिन में अधिकतम 253 मरीज मिले थे। विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना वायरस के नए-नए वेरिएंट्स आने की वजह से मरीज बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार बुधवार को भोपाल में 383 सैंपल की जांच में 42 मरीज मिले हैं। यानी संक्रमण दर 11 फीसद रही। इंदौर में 566 सैंपलों की जांच में 41 संक्रमित सामने आए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या 550 हो गई है। राहत की बात यह है कि इनमें से अस्पतालों में सिर्फ 11 मरीज भर्ती हैं। बाकी होम आइसोलेशन में हैं। फिलहाल इंदौर में 224 और भोपाल में 138 सक्रिय मरीज हैं।

## राजस्थान में अब पुलिस पर तलवार से हमला



**जयपुर बंद रहेगा, मर्डर मामले की टेरर एंगल पर जांच करेगी NIA**

**उदयपुर ,एजेंसी।** राजस्थान के राजसमंद के भीम इलाके में उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की हत्या का विरोध कर रही भीड़ रोकने की कोशिश कर रहे कॉन्स्टेबल की गर्दन पर एक प्रदर्शनकारी ने तलवार मार दी।गंभीर रूप से घायल कॉन्स्टेबल को अजमेर रेफर किया गया है। भीम में ही मंगलवार को दोनों हत्यारे पकड़े गए थे। कॉन्स्टेबल संदीप चौधरी पर हमले के बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव की स्थिति बन गई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव भी कर दिया। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि उपद्रव कर रहे करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इधर, पूरे केस का इन्वेस्टिगेशन ह्व ने अपने हाथ में ले लिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ UAPA के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। टेरर एंगल से भी मामले की जांच की जा रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हालात पर चर्चा के लिए ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई, हालांकि इस बैठक में भाजपा का कोई बड़ा नेता शामिल नहीं हुआ। वहीं, इस हत्याकांड के विरोध में जयपुर व्यापारिक और हिंदू संगठनों ने शहर बंद की अपील की है।

### महाराष्ट्र में नई सरकार बनाने की कवायाद

## फडणवीस 1-2 दिन में ले सकते हैं सीएम पद की शपथ

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र में अपने विधायकों की बगावत के 8वें दिन उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। अब भारतीय जनता पार्टी ने सरकार बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। वह नई सरकार के गुणा-भाग करने में लगी हुई है। राज्य में नई सरकार का क्या समीकरण होगा और कौन-कौन इसमें शामिल होंगे। इसे लेकर भी बीजेपी फूंक-फूंककर कदम उठा रही है। सरकार के गठन के बारे में पूर्व मुख्यमंत्री नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस बारे में सब कुछ अगले एक-दो दिन में पता चल जाएगा। महाराष्ट्र में सरकार गठन के लिए आगे की रणनीति देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे अब आगे की रणनीति तय करेंगे।माना जा रहा है कि राज्यपाल अगले एक-दो दिन में फडणवीस को सीएम पद की शपथ भी दिला सकते हैं। इधर, बागी विधायक भी देर शाम गोवा पहुंच गए। इसके बाद बागी गुट के नेता एकनाथ शिंदे ने भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से फोन पर बात की। उद्धव जब राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने पहुंचे तो राज्यपाल ने उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था बनने तक अपने पद पर बने रहने को कहा। राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद उद्धव ठाकरे ने अपने बेटे आदित्य के साथ एक मंदिर में पूजा की। इसके बाद वे अपने आवास मातोश्री पहुंचे। वे फेसबुक लाइव पर आए और कहा कि मुझे कुर्सी छोड़ने का अफसोस नहीं है।



### सत्ता गई पर तेवर नहीं, संजय राउत बोले- ED दफ्तर जाएंगे, इन्हें सबक सिखाएंगे

मुंबई,एजेंसी। महाराष्ट्र में जारी सियासी खींचतान के अहम चेहरों में से एक शिवसेना सांसद संजय राउत ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि वह कल यानि शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होने जा रहे हैं। ईडी ने उन्हें 1 जुलाई को पेश होने का समय दिया था। हालांकि, केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने वह करीब दो सप्ताह के समय की मांग रख चुके हैं, जिसे खारिज कर दिया गया था। गुरुवार को राउत ने कहा, मैं कल प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय जाऊंगा। जांच एजेंसी ने करोड़ों रुपये के पात्रा चॉल भूमि घोटाला मामले में शिवसेना नेता को दूसरा समन भेजा है।

### कांग्रेस के कुछ विधायकों के टूटकर फडणवीस खेमे में जाने के संकेत

महाराष्ट्र में एनसीपी और कांग्रेस के कुछ विधायकों के टूटकर फडणवीस खेमे में जाने के संकेत मिले हैं। शाम तक और स्थिति साफ होगी। कांग्रेस

## पुष्पेंद्र यादव असिस्टेंट सालिसिटर जनरल नियुक्त



**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में जबलपुर के अधिवक्ता पुष्पेंद्र यादव को असिस्टेंट सालिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है। वे हाई कोर्ट में विभिन्न मामलों में भारत सरकार की ओर से पक्ष रखेंगे। उन्होंने पूर्व असिस्टेंट सालिसिटर जनरल जिनेंद्र कुमार जैन का स्थान लिया है। श्री जैन का कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही यह पद रिक्त हो गया था, जिस पर अधिवक्ता श्री यादव की नियुक्ति की गई है। इससे पूर्व श्री यादव मध्य प्रदेश के अतिरिक्त महाधिवक्ता रह चुके हैं। प्रारंभ में उन्होंने सबसे कम आयु के शासकीय अधिवक्ता, फिर उप महाधिवक्ता होने का भी गौरव अर्जित किया था। विगत 22 वर्ष से वकालत के क्षेत्र में सक्रिय श्री यादव को संवैधानिक, सिविल, क्रिमनल सहित अन्य तमाम तरह के मामलों की पैरवी में महारत हासिल है। सहकारिता के मामलों के वे विशेष जानकार हैं।

### रेप के बाद बेरहमी से ली मासूम की जान

## दरिंदे ने बच्ची के चेहरे को पत्थर से कुचला था, नाक की हड्डी ही नहीं बची



**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर में 9 साल की बच्ची से रेप करने वाले आरोपी ने वारदात के बाद बड़ी बेरहमी से उसकी हत्या की थी। शॉर्ट पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में जो दर्दनाक कहानी सामने आई, वो रूह कंपा देने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक बच्ची के चेहरे की 14 और सिर की 6 यानी कुल 20 हड्डियां बुरी तरह डैमेज मिलीं। नाक की हड्डी तो बची ही नहीं है।पीएम रिपोर्ट से साफ जाहिर है कि दरिंदे ने एक नहीं, कई बार बच्ची के चेहरे पर पत्थर पटका था। उधर वारदात के फरार आरोपी कल्ला पर इनामी राशि 10 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपए कर दी गई है। आरोपी बच्ची के पिता का रिश्तेदार है। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें भी रवाना की गई हैं। कल्ला की तलाश में पुलिस की 10 से ज्यादा टीमें लगी हैं। शहर, पड़ोसी शहर और पड़ोसी राज्यों तक पुलिस की टीम उसे तलाश रही हैं। उसके कुछ रिश्तेदार और दोस्त भी पुलिस की निगरानी में हैं। पुलिस ने गांजा-स्मैक के अड्डों पर भी उसकी तलाश की है। आरोपी गांजा-स्मैक की तस्करी करता था, इसलिए पुलिस को आशंका है कि वह यहां भी छुपा हो सकता है।

हजीरा स्थित यादव धर्मकांटा की रहने वाली 9 साल की बच्ची चौथी क्लास की छात्रा थी। पिता मजदूर हैं। 26 जून की दोपहर बच्ची घर के पास 12 साल के भाई के साथ खेल रही थी। जब भाई अकेला घर लौटा, तो परिजन ने बच्ची के बारे में पूछा। उसने बताया कि बहन को बाबा कल्ला उर्फ कल्लू राठौर (बच्ची के पिता के मामा) आइसक्रीम दिलाने ले गए हैं। इसके बाद मासूम नहीं लौटी। काफी देर तक पता नहीं चला, तो परिजन ने तलाश की। जब वे कल्ला के घर पहुंचे, तो उसने बताया कि बच्ची आइसक्रीम और चॉकलेट लेकर चली गई थी। उसके बाद से जब उसकी खोजबीन की गई तो क्षतविक्षत लाश मिली।

### मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय

## पहले परीक्षा और अब परिणाम में देरी

## 1500 छात्र नहीं दे पाएंगे नीट पीजी



**भोपाल,यशभारत।** । मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की देरी की वजह से प्रदेश के 1500 मेडिकल छात्र नीट पीजी 2023 की परीक्षा नहीं दे पाएंगे। इसकी वजह यह कि परीक्षा में बैठने के लिए 31 मार्च 2023 के पहले उनकी इंटर्नशिप पूरी हो जानी चाहिए, लेकिन अभी तक शुरू ही नहीं हो पाई है। यह एक साल की होती है। यानी किसी भी हाल में जुलाई के पहले पूरी नहीं होगी। मध्य प्रदेश के साथ ही बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ में भी यह दिक्कत आएगी। उधर, प्रदेश के कुछ निजी चिकित्सा महाविद्यालयों ने समय पर परीक्षा कराकर रिजल्ट भी जारी कर दिया है। उनके यहां इंटर्नशिप शुरू भी हो गई है। इसमें एलएन मेडिकल कालेज, पीपुल्स मेडिकल कालेज शामिल हैं। बाकी निजी और सरकारी मेडिकल कालेज में 2017 बैच की इंटर्नशिप अभी तक शुरू नहीं हुई है। पिछले साल भी 31 मार्च के पहले इंटर्नशिप पूरी नहीं हो पाने की वजह से बिहार, झारखंड, केरल, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के करीब सात हजार छात्र नीट पीजी में नहीं बैठ पाए थे। इस कारण इस साल भी यही माना जा रहा है कि नीट पीजी कराने वाली संस्था नेशननल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन (एनबीई) इन छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं देगा। इससे इनका एक साल बेकार जाएगा। दूसरा बड़ा नुकसान प्रदेश को भी होगा। अन्य राज्यों के मुकाबले मध्य प्रदेश के कम उम्मीदवार पात्र हो पाएंगे।

### इस कारण हुई देरी

कोरोना संक्रमण की वजह से इन छात्रों की तृतीय वर्ष की परीक्षा में भी देरी हुई थी। इसके बाद अंतिम वर्ष की परीक्षा जो इस साल जनवरी-फरवरी में हो जानी थी, वह मई में पूरी हो पाई। इनकी प्रायोगिक परीक्षाएं जून में हुई हैं। अभी तक मेडिकल यूनिवर्सिटी ने परिणाम ही जारी नहीं किए हैं। परिणाम आने में अभी कम से कम 10 दिन लग जाएंगे। पिछले साल कोरोना होने के बाद भी प्रदेश ने समय पर परीक्षाएं करा ली थी, इस कारण यहां के छात्रों को कोई दिक्कत नहीं आई थी।

# बरसते पानी में भाजपा का जनसंपर्क

## बिना रुके, बिना थके जनता के बीच पहुंच रहे सभी कार्यकर्ताओं को प्रणाम : ज्योति दीक्षित



**कटनी, यशभारत।** भाजपा जनसंपर्क में पूरा जोर लगा रही है। कल तेज बारिश में भी कार्यकर्ता महापौर प्रत्याशी ज्योति दीक्षिक के साथ प्रचार में डटे रहे। बुधवार को आचार्य विनोबा भावे वार्ड क्र 15, रफी अहमद किदवई वार्ड क्र 16 तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र 17 में जनसम्पर्क किया गया इस दौरान वार्ड पार्षद प्रत्याशी सुखदेव चौधरी, श्रीमती गीता गुप्ता, श्रीमती सीमा श्रीवास्तव ने साथ में जनसंपर्क किया। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई लेकिन भाजपा कार्यकर्ता और भी अधिक उत्साह से जनसम्पर्क में जुटे रहे। इस अवसर पर मीडिया से चर्चा करते हुए ज्योति दीक्षित ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं ने हर तरह की परिस्थियों संघर्ष किया है,तेज धूप तेज़ बारिश और आँधी उन्हें जनता से मिलने से नहीं रोक सकती। इन्ही देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने बरसते पानी में जनसंपर्क के दौरान बिना रुके बिना थके जनता के बीच पहुंचना जारी रखा ऐसे सभी कार्यकर्ताओं को प्रणाम करती हूं । इस अवसर पर जनसंपर्क प्रभारी रवि खरे, ललित जायसवाल, अंकिता तिवारी, नीरा सेठिया,मनीष दुबे, प्रमोद बल्ली सोनी,श्रीमती मनोरमा पाठक सहित वार्ड नंबर 15 के कार्यकर्ता गोलू,चीकू,अरुण विकास चीकू प्रताप और विनोद संतोष प्रकाश रंजन, सज्जन ,मोनू ,सोनू, गोलू पटेल, दिनेश रजक पवन अरुण चिपकू गोलू ,अरुण शुक्ला, नीरज, अजय ,आरती आशा,शीला, गौरीशंकर पटेल, राजकुमार चक्रवर्ती, कार्यालय मंत्री मंडल बिहारी लाल, अजय पटेल, राजेश चौधरी, पवन चौधरी, अमृत लाल बर्मन ,नरोत्तम चौधरी ,रविंद्र चौधरी, विकास चौधरी, गोलू चौधरी, प्रताप चौधरी, हितेश चौधरी, अभय चौधरी ,अमित चौधरी, सोनू चौधरी, विक्की चौधरी, आकाश चौधरी, नानू चौधरी, संतोष रैदास, सुकरू पटेल,रामलाल दीपक चौधरी, कमल चक्रवर्ती, जग्गी सरदार, लल्लन सिंह, रामशरण चौधरी धर्मेंद्र सोनी अश्वनी पटेल अंकित चौधरी रोहित केवट अशोक चौधरी ,अजय वर्मा, प्रेम लाल चौधरी, राजा वर्मा प्रकाश चौधरी, मेहुल पटेल, सुग्रीम चौधरी, मदन सूरज चौधरी,विजय चौधरी, धर्मेंद्र पुल राजापुर ,संतु कॉल पुन्नूलाल,मीना सिंह, सीमा सिंह, शारदा जैसवाल, पन्नालाल पटेल ,ओम कोरी संध्या कोरी, अमित कोहली, नीतू राजक लक्ष्मी रजक, मोंटी महाराज, बाबू सिंह चौहान, डॉ डीके खरे, सिन्हा जी ,पीकू सिंह प्रमोद सोनी, दीपू तिवारी , ठाकुर साहब ,निक्की खान, सुशील सोनी, ओमकार दुबे वृंदावन मिश्रा, बाबू सिंह चौहान, भूपेंद्र तिवारी, अमन खटीक, अखिलेश दीक्षित,सुरेंद्र वर्मा, भारत वर्मा ,आशीष कोल, राजेंद्र कुमार चौधरी, अमित चौधरी, दीपक निषाद, गोविंद प्रसाद रविंद्र चौधरी,मनीषा चक्रवर्ती, शीला सुखदेव चौधरी, गुड्डी चौधरी, आशा चौधरी, वर्मी चौधरी ,धर्मी चौधरी ,पूनम रनिया चौधरी ,चंदा चौधरी,अनिता चौधरी, वार्ड क्रमांक 17 पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में वार्ड प्रभारी अम्बरीष वर्मा अम्बू, भारत भूषण चड्ढा, पूर्व पार्षद गौरीशंकर पटेल एके सिन्हा पवन श्रीवास्तव विनीत खरे संजीव खरे ब्यूटी सचदेवा राकेश सचदेवा रानू परोहा आकाश मिश्रा पुनीत तिवारी अमन खटीक संजीव ठाकुर गुड्डु ठाकुर मनोज खरे डब्बू रजक विनोद प्यासी उमाशंकर तिवारी राजेश तिवारी पंकज सचदेवा जानू सचदेवा भावुक चड्ढा राकेश तिवारी भोला तिवारी सोहन कॉल पूरनलाल तिवारी विष्णु शंकर मिश्रा संदीप तिवारी अनुराग त्रिपाठी नारायण खटीक मातृशक्ति मीना सचदेवा रश्मि खरे उषा तिवारी मंजू तिवारी साधना करे अंशिका खरे शकुंतला तिवारी शालिनी सेना भगवती गुप्ता गीता रेखा संध्या शर्मा साधना सिंह काजल नगरिया अरुणा श्रीवास्तव आरती वर्मा शिवानी सचदेवा शिवानी सक्सेना शालू विश्वकर्मा मधु ठाकुर मनजीत कौर रुकमणी बर्मन आम्रपाली अंजलि रितु प्यासी पूजा ठाकुर ललिता प्यासी रेखा ठाकुर अंजलि शशि गोयल रेखा तिवारी मंजू तिवारी सरला तिवारी सुधा तिवारी साधना तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### गर्मी से मिली राहत, अगले 24 घंटे बारिश के संकेत

# मानसूनी फुहार से खुश हुए लोग



**कटनी, यशभारत।** मानसून एक बार फिर सक्रिय हो चुका है। पिछले पांच सात दिन पहले हुई बारिश से राहत तो मिली थी, लेकिन बारिश का सिलसिला थमने के बाद तीन चार से दिन लोग उमस और चिपचिपी गर्मी से भारी परेशानी में थे। बुधवार की रात जिले में बूंदाबांदी हुई, लेकिन सुबह से मौसम में गर्मी रही। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और तेज हवाएं चलना शुरू हो गईं। जिससे मौसम सुहाना हो गया। लगभग एक घंटे तक तेज हवाएं चली जिससे मौसम में ठंडक महसूस होने लगी। हवाएं रुकने के बाद बारिश का सिलसिला भी शुरू हुआ और जिले के रीठी तहसील और स्लीमनाबाद तहसील सहित अन्य क्षेत्र में बारिश हुई। कहीं-कही हवाओं के कारण पेड़ भी धराशायी हो गए है। हालांकि जनमाल की हानि होने की सूचना जिले में कहीं से नहीं मिली है। जानकारी के अनुसार बीते एक पखवाड़े से भारी उमस के बाद रीठी में बुधवार की दोपहर भगवान मेहरवान हुए और देखते ही देखते आसमान पर काले बादल उमड़ आये और आंधी तूफान के साथ तेज बारिश शुरु हो गई। करीब एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश से जहां पूरा नगर तर-बतर हो गया तो वहीं किसानों के चेहरों में भी खुशी लहर आ गई। देखा गया तेज आंधी तूफान के साथ हुई बारिश के चलते रीठी के पोस्ट आफिस के पास मेन रोड पर लगा वर्षों पुराना बबूल का पेड़ टूट कर सड़क पर आ गया। कटनी-रीठी-दमोह मुख्य मार्ग पर पेड़ गिरने से आवागमन पूरी तरह अवरूद्ध रहा। वाहन चालकों को वायपास सहित अन्य मार्गों का सहारा लेना पड़ा। घंटों बाद सड़क से पेड़ को हटाया गया जिसके बाद यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चालू हो पाई। बताया गया कि इसी तरह से क्षेत्र में कई जगहों पर आंधी तूफान के कारण पेड़ गिर गये हैं। बारिश की शुरूआत 15 से 20 जून के बीच हो चुकी है। पिछले दिनों दो दिन हुई बारिश से जमीन में नमी आ चुकी हैं। जमीन में हल्की घास भी बाहर आ चुकी है। जिससे किसानों किसानी के हिसाब का मौका मिल गया है। अधिकांश किसानों ने उडद मूंग काटने के बाद खेतों की जुताई कर तैयार कर लिया है।

### जिले में पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में उत्साह

# शोरगुल थमने के बाद खूब बनी रणनीति, गांवों की दीवारें पंपलेट, बैनर और पोस्टरों से ढंकीं



**कटनी यशभारत।** पंचायत चुनाव के दूसरे चरण्स के लिए कल मतदान होगा। इससे पहले आज तक गांवों प्रचार में तेजी दिखी। गांवों की दीवारें पंपलेट, बैनर और पोस्टरों से पटी पडी है। एक-एक पंचायत में दस व दस अधिक प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किश्मत अजमा रहे है। वहीं चुनाव के लिए पूरा जोर भी उनकी तरफ से लगाया जा रहा है। चुनाव की तिथियों की घोषणा और चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रत्येक प्रत्याशी रंग बिरंगे पंपलेट और पोस्टर छपवा कर अपना प्रचार करना शुरू कर दिया था, जो अभी तक खत्म नहीं हो रहा है। गांव में चाय पान की दुकानों में प्रत्शियों के पर्चे पटे पडे है। जिला पंचायत से लेकर जनपद और पंचायत के प्रत्याशी स्वयं अपने पर्चे चिपकाते देखे गए। वहीं तीसरे चरण के लिए अभी समय होने के कारण प्रत्याशी माहौल अपने पक्ष में करने लिए पूरी आमादा है। मतदाताओं के मांग के अनुसार प्रत्याशी अपने को मैनेज करने लगे है। तीसरा चरण के मतदान को करीब नौ दिन बाकी है। इसलिए किसी भी समीकरण को उलटने और बैठाने में हर प्रत्याशी पूरी ताकत लगा है। जहां जैसी सूचना मिलती है और जहां जैसी डिमांड पहुंचती है उसे पूरे करने प्रत्याशी मना करने का जोखिम नहीं उठा रहे है। अंतिम समय में पंचायत चुनाव का माहौल गांव में पूरी तरह जम चुका था। प्रत्याशी और उनके चाहने वाले मतदाताओं के लिए उनकी मांग के अनुसार इंतजाम भी कर रहे हैं। शाम होते ही पंचायत के बगीचों और तालाब किनारे चुनिंदा क्षत्रपों की महफिल खूब जमीं यहीं से खानपान की शुरूआत होती और देररात तक महफिल में चुनाव की चर्चा चलती है। इसी महफिल में नित नए समीकरण बनाए गए। वहीं बिगडते समीकरणों को साधने के लिए रणनीति भी बनाई जा रही है। वहीं प्रत्याशियों के समर्थक अपने स्तर पर एक-एक मतदान पर नजर रखने का काम भी कर रहे है।

# 10 सालों से सत्ता में फिर भी शहर का विकास नहीं

## कांग्रेस महापौर प्रत्याशी ने वार्ड उम्मीदवारों के साथ किया जनसंपर्क



**कटनी, यशभारत।** कांग्रेस महापौर प्रत्याशी श्रेहा रौनक खंडेलवाल ने कल अपना चुनावी जनसम्पर्क दीनदयाल उपाध्याय वार्ड की कांग्रेस प्रत्याशी निशा मिश्रा, डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 36 के कांग्रेस प्रत्याशी संजय गोरा, रामकृष्ण परमहंस वार्ड की कांग्रेस प्रत्याशी रत्ना यादव के साथ राहुल बाग से प्रारंभ कर दुबे कालोनी, सोमनाथ मंदिर में माथा टेकते हुए मंगलनगर, डॉ पाठक गली, छोटी खिरहनी, शनि मंदिर, ब्राह्मण बस्ती की तरफ सघन जनसम्पर्क करते हुए मतदाताओं से मुलाकात की। इसी तरह वार्ड क्रमांक 36 के आयुध निर्माणी गेट पहुंचकर आम जनमानस से जनसंपर्क किया। यहां बजरिया में मतदाताओं के घर-घर जाकर अपनी बात रखी। इस दौरान कांग्रेस महापौर प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल ने उपस्थित जन समुदाय से बातचीत में कहा कि पिछले 10 सालों से भाजपा नगर की सत्ता में बैठी थी तो भी शहर के विकास में भाजपा का योगदान शून्य है, जबकि केंद्र से लेकर प्रदेश तक की सत्ता में भाजपा है, इसके बाबजूद भी कटनी शहर विकसित न हो सका। इस दौरान कार्यवाहक अध्यक्ष विक्रम खमपरिया, करण सिंह चौहान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमजान भारती, नागेश शर्मा, सरिता कटारे,शशि यादव, अशिमा गौड़, आशीष चतुर्वेदी, विकास दुबे, आकाश पटेल सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# 5वीं व 8वीं के 10 हजार से अधिक अनुत्तीर्ण व पूरक विद्यार्थी देंगे एग्जाम





**कटनी, यशभारत।** जिले में कक्षा 5वीं व 10वीं में 10 हजार 104 विद्यार्थी ऐसे हैं जो अनुत्तीर्ण हो गए या फिर पूरक परिणाम आया है। ऐसे बच्चों की विभाग द्वारा फिर से परीक्षा कराए जाने का निर्णय लिया गया है, ताकि वे सफलता प्राप्त कर आगे की कक्षा में पढ़ाई कर सकें। हालांकि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव नगरीय निकाय चुनाव को लेकर बच्चों की पढ़ाई व परीक्षा में खलल पैदा हो गई है। अप्रैल का एक माह और 17 जून से नए शैक्षणिक सत्र की पढ़ाई शुरू हो गई। ऐसे में जबतक विद्यार्थी परीक्षा पास नहीं हो जाते, तबतक आगे की कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार कक्षा 5वीं में 3 हजार 785 ऐसे बच्चे हैं जो फेल हो गए थे व कुछ का परिणाम पूरक (सप्लीमेंट्री) रहा है। इसी प्रकार कक्षा 8वीं में 6 हजार 319 विद्यार्थी ऐसे हैं जिनके परिणाम फेल व पूरक आए हैं। इन बच्चों को एक बार फिर मौका दिया जा रहा है। एपीसी विनय दुबे ने बताया कि इन सभी बच्चों का परीक्षा परिणाम बेहतर आए इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। सभी शिक्षकों को कहा गया है कि ऐसे बच्चों को स्कूल बुलाकर परीक्षा के लिए विशेष तैयारी कराएं।

### ऐसा था परीक्षा परिणाम

कक्षा पांचवीं और आठवीं का परिणाम 13 मई जारी कि गया था, जिसमें परीक्षार्थियों ने काफी बेहतर प्रदर्शन किया। कक्षा पांचवीं में 15 हजार 612 बच्चे पंजीकृत थे, जिसमें से 13 हजार 17 प्रतिशत बच्चे पाए हुए हैं। 84.66 प्रतिशत परिणाम आया। इसी तरह कक्षा 8वीं में 16 हजार 17 में से 12 हजार 210 बच्चे पास हुए हैं। जिले का परीक्षा परिणाम 76.23 प्रतिशत रहा।

# चौराहों पर सिग्नल जरूरी

## मिशन चौक पर ब्रिज बनने के समय हटा सिग्नल आज तक नहीं लगा



**कटनी, यशभारत।** शहर में सभी चौराहों पर सिगनल तो लगे नहीं जिन चौराहों पर लगे हैं वे अब चालू हालत में नहीं है। मिशन चौक में पहले ट्रैफिक सिगनल था लेकिन ब्रिज बनने के समय यह हट गया। ब्रिज बनने के बाद भी इसे नहीं लगवाया गया। चौराहों में ट्रैफिक सिगनल न होने से शहर में यातायात व्यवस्थित करने में बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। माधवनगर चौराहे पर लगा सिगनल भी अधिकतर समय बंद ही रहता है। शहर के बंद ट्रैफिक सिगनल को शुरु करने नगर निगम की ढिलाई का आलम है कि शहर में अभी तक मिशन चौक में ट्रैफिक सिगनल चालू नहीं किया जा सका है। चौक-चौराहों पर यातायात अमले को ट्रैफिक कंट्रोल करने परेशानी हो रही है। यह शहर का मुख्य चौराहा है इससे यहां प ट्रैफिक जाम रोजाना लगता है। स्थानीय लोग बड़ी मुस्किल से अपने आप को ट्रैफिक नियम मानने के लिए तैयार करते हैं। लेकिन कुछ समय बाद ही विभिन्नाा कारणों से ये सिगनल बंद हो जाते हैं। इससे लोग फिर पुराने ढर्रे पर लौट आता है। लोग भी यातायात नियमों को भूल कर फिरसे ट्रैफिक सिगनल तोड़ने लगते हैं। नगर में ट्रैफिक व्यवस्था को कायम रखने के लिए बेहतर प्रबंध नहीं है। हर कोई यातायात नियमों का उल्लंघन करता हुआ नजर आता है, लेकिन व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कोई भी प्रयास नहीं किया जा रहा है। हैरानी की बात है कि इन दो सिगनलों के बंद होने के बाद शहर में कोई भी सिगनल की व्यवस्था नहीं है। यातायात को सुचारू बनाने शहर को सुंदर बनाने यह सिग्नल व्यवस्था जरूरी है।

# नहीं जमा किया खर्च का ब्योरा जारी हुआ नोटिस

**कटनी यशभारत।** नगर निगम महापौर पद पर चुनाव लड़ रहे तीन प्रत्याशियों को चुनाव खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत नहीं करने पर सहायक रिटर्निंग ऑफीसर ने पत्र जारी किया है। पत्र में दो दिन के अंदर चुनाव खर्च का ब्यौरा देने के लिए कहा गया है। नगर निगम के सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि तीन महापौर प्रत्याशी निर्धारित समय में चुनाव खर्च को लेखा निरीक्षण कराए जाने मे असफल रहे हैं। तीनों को पत्र जारी किया गया है। जिन प्रत्याशियों को पत्र जारी किया गया है। उनमें महापौर पद के प्रत्याशी सिविल लाइन निवासी प्रीति संजीव सूरी, राम जानकारी हुनमान वार्ड निवासी अंजली ओमप्रकाश चैधरी, महाराणा प्रताप वार्ड बंगाली कॉलोनी निवासी निधि आशुतोष तिवारी का नाम शामिल हैं। नगर निगम के सहायक रिटर्निंग ने पत्र में प्रत्याशियों को दो दिन के अंदर चुनाव खर्च और जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 01 से
दोपहर 1, 4, एवं सायं 7 बजे से





जुग जुग जियो
कलाकार- वरूण धवन, कियारा आडवानी, अनिल कपूर, नीतू कपूर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 01 से
दोपहर 12, 2.30,7.30, एवं रात्रि 10 बजे से




ओम (The Battle Within)
कलाकार- आदित्य राय कपूर, तापसी पन्नू, प्रकाश राज, जैकी श्राफ आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 01 से
सायं 5 एवं रात्रि 10 बजे से




ROCKETRY (The Nambi Effect)
कलाकार- आर. माधवन, सिमरन, रजित कपूर, कार्तिक कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 30 जून 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# पंचायत चुनाव : दूसरे चरण में दिग्गजों के भाग्य का होगा फैसला

## कटनी और बड़वारा में कल होगी वोटिंग, मतदान सामग्री लेकर केन्द्रों की ओर रवाना हुए दल, 466 केन्द्र, 2 लाख 62 हजार मतदाता

यश भारत – चुनाव विशेष

**कटनी, यशभारत।** पंचायत चुनाव का पहला चरण शांतिपूर्वक निपटने के बाद प्रशासन की कोशिश है कि दूसरा चरण भी निर्विघ्न संपन्न हो जाए, इसके लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। दूसरे चरण के लिए जनपद पंचायत कटनी एवं बड़वारा में कल शुक्रवार 1 जुलाई को वोटिंग कराई जाएगी। मतदान के लिए प्रशासनिक अमला आज गुरूवार को दिन-भर तैयारियों में जुटा रहा। इसी बीच मानसून सक्रिय होने और बारिश की संभावनाओं के बीच मतदान केन्द्रों में बारिश से बचाव के लिए आवश्यक इंतजाम भी किए जा रहे हैं। कटनी और बड़वारा में मतदान दलों को सामग्री के साथ बसों से केन्द्रों की ओर रवाना किया गया है। मतदान के तत्काल बाद मतों की गिनती भी होगी, लेकिन अधिकृत परिणाम घोषित नहीं होंगे।

### जिले की आधा दर्जन जनपद पंचायतों में कुल मतदाताओं की जानकारी

| जनपद पंचायत | ग्राम पंचायत | मतदान केन्द्र | पुरूष | महिला | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | 59 | 195 | 57249 | 55300 | 04 | 112553 |
| बड़वारा | 66 | 271 | 76782 | 73139 | 03 | 149924 |
| **कुल योग** | **125** | **466** | **134031** | **128439** | **07** | **262477** |

### द्वितीय चरण के चुनाव पर एक नजर

01. दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद पंचायत कटनी और जनपद पंचायत बड़वारा में वोटिंग।
02. मतदान शुक्रवार 1 जुलाई जून को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा।
03. दोनों ही क्षेत्रों में 466 मतदान केन्द्र बनाए गए।
04. कटनी में 1 लाख 12 हजार 553 एवं बड़वारा में 1 लाख 49 हजार 924 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।
05. पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए कराया जाएगा मतदान।
06. जिला पंचायत कटनी के क्षेत्र क्रमांक 7 से सदस्य पद के लिए 6, क्षेत्र क्रमांक 8 से 10, क्षेत्र क्रमांक 11 में 5 एवं क्षेत्र क्रमांक 12 में 3 उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

### मतदान के पहले आखिरी जोर आजमाईश

कल 1 जुलाई को मतदान के पहले आज दिन भर उम्मीदवार मतदाताओं से जनसंपर्क करते रहे। बुधवार की शाम चुनावी शोर थमने के बाद घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के प्रयास किए जाते रहे। वोटरों को लुभाने के लिए गांव के विकास के वादे किए गए हैं। अब देखना है कि वोटर उम्मीदवार की बातों से कितना प्रभावित होता है। उल्लेखनीय है कि दूसरे चरण के अंतर्गत जिला पंचायत कटनी के 4 क्षेत्रों के लिए मतदान हो रहा है। चारों क्षेत्रों में 24 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इन क्षेत्रों में दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों कांग्रेस और भाजपा के साथ ही अन्य दलों से समर्थन प्राप्त और निर्दलीय उम्मीदरवार किस्मत आजमा रहे हैं।

### द्वितीय चरण : इतने पदों पर होगा चुनाव

**जनपद पंचायत कटनी**

| पद | कुल पद |
|---|---|
| पंच | 680 |
| सरपंच | 59 |
| जनपद पंचायत सदस्य | 16 |
| जिला पंचायत सदस्य | 02 |
| **कुल योग** | **757** |

**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़**

| पद | कुल पद |
|---|---|
| पंच | 805 |
| सरपंच | 73 |
| जनपद पंचायत सदस्य | 21 |
| जिला पंचायत सदस्य | 02 |
| **योग** | **901** |

### मतदान सामग्री लेकर बसों से रवाना हुए कर्मचारी



दूसरे चरण के लिए कल 1 जुलाई को होने जा रहे पंचायत चुनाव के लिए आज मतदान दलों को सामग्री का वितरण किया गया। जनपद पंचायत कटनी के लिए पहरूआ स्थित कृषि उपज मंडी से एवं जनपद पंचायत बड़वारा के लिए शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में आज सुबह मतदान दलों में लगे कर्मचारियों को बुला लिया गया था। कर्मचारियों के यहां पहुंचने के बाद उन्हें मतदान सामग्री का वितरण किया गया। इसके बाद कर्मचारियों की जहां ड्यूटी लगी है, इसकी जानकारी देकर बसों से गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

### 466 केन्द्रों पर ढाई लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

दूसरे चरण में 2 लाख 62 हजार से ज्यादा मतदाता पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे, जिसमे कटनी में 1 लाख 12 हजार 553 एवं बड़वारा में 1 लाख 49 हजार 924 मतदाता शामिल है। द्वितीय चरण के लिए कल 1 जुलाई को जनपद पंचायत कटनी एवं बड़वारा में मतदान कराया जाएगा। कटनी में जहां 195 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं तो वहीं बड़वारा में 271 केन्द्रों में मदतान होगा। द्वितीय चरण के लिए विकासखंड मुख्यालय पर 4 जुलाई, को मतगणना होगी। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य के लिए 14 जुलाई एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 15 जुलाई को परिणामों की घोषणा होगी। इस बार पंचायत चुनाव ईव्हीएम की बताए मतपत्रों से कराए जा रहे हैं। पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्र रहेगा।

### मतदान कर्मियों की परेशानियों से काई सरोकार नहीं

पहले चरण के दौरान एक मतदान कर्मी की तबियत बिगड़ गई थी और उसे आईसीयू में भर्ती करने के बाद जबलपुर रिफर किया गया था, इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा चुनाव ड्यूटी में लगे शासकीय कर्मचारियों की परेशानियों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। कर्मचारी किन परिस्थितियों में चुनाव ड्यूटी कर रहे हैं, इसको लेकर प्रशासनिक अधिकारी उदासीन नजर आ रहे हैं। मतदान केन्द्रों में आवश्यक इंतजाम किए जाने का दावा किया जाता है लेकिन जब कर्मचारी यहां पहुंचते हैं, तो उनका सामना समस्याओं से होता है। न तो प्रकाश का उचित इंतजाम रहता है और न ही पीने के पानी का उचित प्रबंध। कतिपय कर्मचारियों ने नाम छापने की शर्त पर बताया कि मतदान केन्द्रों में रात्रि में सोने के लिए भी प्रबंध नहीं रहता है। यहां पर मच्छरों के प्रकोप के चलते पूरी रात जागकर गुजारनी पड़ती है।

# 7 साल में चारों निकायों में बढ़े करीब 40 हजार मतदाता

## पुरूषों के मुकाबले में महिला मतदाताओं की संख्या में बढ़ोत्तरी

यश भारत – खबर विशेष

**कटनी, यशभारत।** नगरीय निकाय चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए अब केवल 5 दिन का समय शेष रह गया है। ऐसे में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों द्वारा अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। उधर प्रशासन भी पंचायात चुनाव के साथ ही नगरीय निकाय के पहले चरण के मतदपान की तैयारियां मं जुट गया है। जिले के चारों नगरीय निकायों नगर निगम कटनी, नगर परिषद बरही, विजयराघवगढ़ एवं कैमोर की बात करें तो पिछले सात सालों में चारों निकायों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 40 हजार बढ़ी है। 2015 में हुए नगरीय निकाय चुनाव में चारों निकायों में कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 87 हजार 358 थी, जबकि 2022 में हो रहे चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या ने दो लाख का आंकड़ा पार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक इस चुनाव में चारों निकायों में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 27 हजार 232 हो गई है। इसमे नगर निगम कटनी के 45 वार्डों में सबसे ज्यादा 34 हजार 907 नए मतदाता जुड़े हैं। इसी तरह नगर परिषद बरही में 2389, नगर परिषद कैमोर में 1787 एवं नगर परिषद विजयराघवगढ़ में सबसे कम 791 नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। विगत 10 मई को नगरीय निकाय के चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया था। जिसके बाद चारों निकायों में पुरूषों की तुलना में महिला मतदताओं की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक 22 हजार 864 महिला एवं 17 हजार नए पुरूष मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं।

### जिले के चारों नगरीय निकाय में मतदाता : 2015 चुनाव

| नगरीय निकाय | वार्ड | पुरूष | महिला | अन्य | कुल मतदाता | मतदान केन्द्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नगर निगम कटनी | 45 | 82587 | 75886 | 08 | 158481 | 181 |
| नगर पंचायत बरही | 15 | 4568 | 4274 | 00 | 8842 | 15 |
| नगर पंचायत कैमोर | 15 | 7281 | 6610 | 00 | 13891 | 15 |
| नगर पंचायत विगढ़ | 15 | 3183 | 2961 | 00 | 6144 | 15 |
| **कुल योग** | **90** | **97619** | **89731** | **08** | **187358** | **226** |

### जिले के चारों नगरीय निकाय में मतदाता : 2022 चुनाव

| नगरीय निकाय | वार्ड | पुरूष | महिला | अन्य | कुल मतदाता | मतदान केन्द्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नगर निगम कटनी | 45 | 97444 | 95935 | 09 | 193388 | 218 |
| नगर परिषद बरही | 15 | 5712 | 5519 | 00 | 11231 | 17 |
| नगर परिषद कैमोर | 15 | 7968 | 7709 | 01 | 15678 | 23 |
| नगर परिषद विगढ़ | 15 | 3503 | 3432 | 00 | 6935 | 15 |
| **कुल योग** | **90** | **114627** | **112595** | **10** | **227232** | **273** |

### युवा मतदाताओं की संख्या अधिक

जानकारी के मुताबिक चारों नगरीय निकायों में सात सालों में बढ़े 39 हजार 784 मतदाताओं में से ज्यादातर युवा है और दो चरणों में होने जा रहे निकाय चुनाव में उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ये युवा मतदाता ही करेंगे। अब देखना है कि युवा मतदाता किन प्रत्याशियों पर विश्वास व्यक्त करता है।



## रीठी में आंधी-तूफान के बाद गिरा पेड़

**कटनी, यशभारत।** रीठी में आंधी तूफान के साथ तेज बारिश हुई। तेज हवा से पोस्ट आफिस के पास मेन रोड पर लगा वर्षो पुराना बबूल का पेड़ टूट कर सड़क पर गिर गया। इससे कटनी-रीठी-दमोह मुख्य मार्ग पूरी तरह अवरूद्ध रहा। वाहन चालकों को बायपास सहित अन्य मार्गो का सहारा लेना पड़ा। कई घंटे बाद जब मुख्यालय से किसी भी प्रशासनिक अमले ने ध्यान नहीं दिया और सड़क के दोनों ओर जाम की स्थिति निर्मित होने लगी तो स्थानीय जनों ने जेसीबी मशीन की मदद से पेड़ को हटाया।

# कल दूसरा चरण, अब हो रहे पंचायत सचिवों के तबादले

**कटनी, यशभारत।** कल पंचायत चुनाव का दूसरा चरण है और प्रशासन द्वारा अब पंचायत सचिवों के तबादले किए जा रहे हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत तीन वर्षों से अधिक समय से एक ही ग्राम पंचायतों में पदस्थ सचिवों का तबादला किया गया है। जिला पंचायत सीइओ जगदीशचन्द्र गोमे ने ग्राम पंचायतों के सचिवों को इधर से उधर किया गया है। सचिवों के स्थानांतरण संबंधित आदेश जिला पंचायत सीइओ के द्वारा आदेश जारी किए गए। जिसमें बहोरीबंद जनपद की 16 ग्राम पंचायत शामिल हैं। ग्राम पंचायतों के सचिवों के तबादले में ग्राम पंचायत संसारपुर में पदस्थ सचिव तीरथ मिश्रा का स्थानांतरण ग्राम पंचायत गुदरी, रामशरण सोनी का ग्राम पंचायत गुदरी से संसारपुर, रामनरेश सिंह ग्राम पंचायत खमतरा से बरही, गोपाल सिंह का ग्राम पंचायत सिहुड़ी बाकल से मझगवां, रामविशाल यादव का ग्राम पंचायत मझगवां से अमोच, शंकर लोधी का ग्राम पंचायत कूड़ा मर्दानगढ़ से पटीराजा, तुलसीराम पटेल का ग्राम पंचायत बरही से खमतरा, संतकुमार गर्ग का ग्राम पंचायत मोहनिया राम से मोहनिया नीम, मनीष मिश्रा का हथियागढ़ से सिमरापटी, कुसुम परौहा का ककरेहटा से मवई, रामखिलावन पटेल का सलैया कुआं से हथियागढ़, राजकुमार पटेल का मोहनिया नीम से मोहनिया राम, रम्मूलाल विश्वकर्मा चांदनखेड़ा से पटना, महेंद्र कुशवाहा तेवरी से लखनवारा किया गया। विगत 27 जून को जारी ग्राम पंचायतों के सचिवों के तबादले सूची जिला पंचायत के द्वारा गड़बड़ी सामने आई। यहां दो ग्राम पंचायतों के सचिवों को एक ही ग्राम पंचायत में तबादला कर दिया गया। ग्राम पंचायत बंधी धूरी के सचिव लोकचंद्र जायसवाल व पटीराजा के सचिव शंकर सेन का तबादला ग्राम पंचायत कूड़ा मर्दानगढ़ कर दिया गया है।

**तीन सालों से एक ही स्थान पर जमे थे सचिव**

# कल धूमधाम से निकलेगी जगन्नाथ स्वामी जी की रथयात्रा



### तैयारियां पूरी, 1100 थालों के साथ की जाएगी भगवान की महाआरती

**कटनी, यशभारत।** श्री जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ श्री श्री 1008 भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी की रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे रथयात्रा में भगवान श्री दिव्य रूप में दर्शन देंगे। 1 जुलाई को मंदिर प्रांगण से प्रारंभ रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई सब्जी मंडी स्थित राम जानकी मंदिर पहुंचेगी। यह जानकारी बुधवार को मंदिर परिसर में आयोजित पत्रकारवार्ता में मंदिर समिति अध्यक्ष प्रमोद सरावगी, सचिव शिव सोनी, रथयात्रा संयोजक विजय ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा आयोजित रथ महोत्सव में वाहन रैली का आयोजन आज 30 जून को जगन्नाथ चौक से किया गया है। वाहन रैली संयोजक एवं महाकाल सरकार सेवा समिति अध्यक्ष प्रदीप दुबे ने बताया कि वाहन रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जगन्नाथ मंदिर में रैली का समापन होगा, इसके बाद 1 जुलाई को शाम 4 बजे भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी की रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा में 1100 थालों के साथ भगवान श्री की महाआरती कर रथ की अगुवाई की जाएगी। श्री सरावगी ने बताया कि 8 जुलाई को श्री राम जानकी मंदिर सब्जी मंडी से भगवान श्री जगन्नाथ अपने धाम वापस पहुंचेगे, जिसके पश्चात 11 जुलाई को जगन्नाथ मंदिर परिसर मे महाभंडारा का आयोजन किया गया है। पत्रकार वार्ता में भोलू ठाकुर, शिशिर टुड़हा कोषाध्यक्ष, सदस्य शंभू शरण मिशा, नटवर लाल कोटक, मुरली अग्रवाल, विजय पटेल, राजेश तिवारी, नरेश ताम्रकार, विनोद मिश्रा, विपिन दुबे, राजकुमार यादव, प्रकाश गुप्ता, उमाशंकर छिरौल्या, मूलचंद नामदेव, महेश नामदेव, ओम प्रकाश पुरवार, सिद्धार्थ गौतम, भरत गुप्ता, प्रदीप महाराज, आकाश टुड़हा, शेखर महतेले, संजीव कुशवाहा, आदर्श टुड़हा, मनीष शर्मा सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# जिला पंचायत के चारों क्षेत्रों से 24 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर

**जिला पंचायत सदस्य के लिए अशोक, कन्हैया, विजय, गुड्डू, जालिम एवं अक्षय की प्रतिष्ठा दांव पर**

**कटनी, यशभारत।** जिला पंचायत कटनी के 4 क्षेत्रों के लिए कल 1 जुलाई को वोटिंग होगी। इसमे जनपद पंचायत कटनी के अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 7 एवं क्षेत्र क्रमांक 8 एवं जनपद पंचायत बड़वारा के अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 11 एवं क्षेत्र क्रमांक 12 शामिल है। चारों ही क्षेत्र से 28 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनकी किस्मत का फैसला दोनों ही क्षेत्रों के ढाई लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित होने के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए दोनों ही राजनीतिक दलों के साथ ही दिग्गज नेताओं की नजरें टिकी हुई है। यही कारण है कि जिला पंचायत सदस्य पद के लिए क्षेत्र 8 में कई दिग्गज चुनाव मैदान में हैं और भाग्य आजमा रहे हैं।

### जिला पंचायत के चारों क्षेत्रों से उम्मीदवार

**क्षेत्र क्रमांक 7 (अनारक्षित महिला)**
01. अनीता संतराम पटेल
02. लक्ष्मी राजेश गर्ग
03. मोहनी देवी अखिल पाण्डेय
04. कोका पूनम शुक्ला
05. शीला दिलीप कोरी
06. वंदना अवनीश तिवारी

**क्षेत्र क्रमांक 8 (अनारक्षित मुक्त)**
01. अजय सुभाष
02. अक्षय श्रीवास्तव
03. अमित कुमार
04. अशोक विश्वकर्मा
05. राकेश द्विवेदी गुड्डू
06. शिवकुमार जालिम यादव
07. श्रीराम मिट्ठूलाल पटेल
08. कन्हैया तिवारी शैलेष
09. विजय पटेल
10. विमल पटेल

**क्षेत्र क्रमांक 11 (अनुसूचित जनजाति मुक्त)**
01. भद्दी कोल
02. चंद्रमणी पप्पू सिंह
03. लाल सिंह
04. रघुराज श्यामलाल सिंह
05. राजेन्द्र प्रसाद कोल

**क्षेत्र क्रमांक 12 (अनुसूचित जनजाति महिला)**
01. नेहा कोल
02. प्रियंका रामगोपाल सिंह धुर्वे
03. शीला सिंह

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340






# एक दर्जन से अधिक पूर्व पार्षद फिर आजमा रहे किस्मत




## 4 वार्डों में पार्षदों ने पत्नियों को उतारा चुनावी मैदान में

कैमोर (यशभारत)। कैमोर नगर परिषद के चुनाव में इस बार जहां 7 निर्वृतमान पार्षद एक बार फिर अपनी किस्मत आजमाने चुनावी समर में उतरे हैं वहीं इतने ही पूर्व पार्षद भी चुनाव मैदान में मौजूद हैं। इनमें से तो कुछ ऐसे हैं जो चौथी या पांचवी बार चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा कुछ निर्वृतमान पार्षद खुद तो मैदान में नहीं हैं पर इनकी पत्नी या अन्य रिश्तेदार चुनाव मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे। नगर परिषद के वार्ड क्रं. 1 से एड. संजय जायसवाल भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे संजय जायसवाल पिछली परिषद में वार्ड क्रं. 13 से पार्षद चुनकर आए थे। निवास बदल जाने एवं वार्ड आरक्षित हो जाने के कारण अब उन्हें वार्ड बदलकर चुनाव लड़ना पड़ रहा। उनका कांग्रेस प्रत्याशी विजय गिरि के अलावा एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी उमेश शर्मा से मुकाबला है। वार्ड क्रं. 2 से जहां निर्वृतमान पार्षद नजमा भारती निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में फिर मैदान में है। वहीं भाजपा ने यहां से निर्वृतमान पार्षद संतोष केवट को उम्मीदवार बनाया है। संतोष केवट पिछली परिषद में वार्ड क्रं.3 से पार्षद चुनकर आए थे। कांग्रेस ने यहां से पूर्व पार्षद रवि दुबे को मैदान में उतारा है। इनके अलावा यहां से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी प्रार्थना खन्ना, कांग्रेस के बागी उम्मीदवार सरवर खान एवं निर्दलीय प्रत्याशी रामसुजान बर्मन भी चुनावी मैदान में मौजूद हैं। यहां भाजपा प्रत्याशी संतोष केवट का मुकाबला निर्दलीय उम्मीदवार सरवर खान और निर्वृतमान पार्षद नजमा भारती से होना बताया जा रहा।

वार्ड क्रं. 4 से भाजपा ने नए प्रत्याशी के रूप में तपस्या ग्रुप के संचालक मनीष नवैत की पत्नी ऋचा नवैत को मैदान में उतारा हैं। जिनका मुकाबला भाजपा की बागी प्रत्याशी मिथलेश सेन और कांग्रेस की माया द्विवेदी से होना है। मिथलेश सेन पूर्व पार्षद जमुना सेन की पत्नी है, जिन्होंने भाजपा से टिकट मांगी थी टिकट नहीं मिलने के कारण बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहीं हैं। वार्ड क्रं. पांच अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यहां से निर्वृतमान पार्षद अशोक कोल ने अपनी पत्नी वंदना कोल को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतारा है। वहीं भाजपा से अनीता कोल और कांग्रेस से ऊषा कोल चुनाव मैदान में मौजूद है। वार्ड क्रं. 6 में भी मुकाबला निर्वृतमान पार्षद वीरेन्द्र उर्फ वीरू तथा पूर्व पार्षद गुलाब सिंह के बीच बताया जा रहा। वीरेन्द्र उर्फ वीरू पिछले चुनाव में गुलाब सिंह को हराकर ही पार्षद बने थे। इससे पहले गुलाब सिंह 3 बार भाजपा की टिकट पर यहां से पार्षद निर्वाचित हो चुके हैं। पिछले चुनाव में टिकट नहीं मिलने के कारण उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशीय के रूप में चुनाव लड़ा था और उनकी हार हो गई थी। इस बार वे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ रहे। यहां से कांग्रेस प्रत्याशी राधा भदोरिया और निर्दलीय प्रत्याशी डेलन सिंह भी अपनी किस्मत आजमा रहे। वार्ड क्रं.7 भी अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित है। यहां से पूर्व पार्षद शांति बाई कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में एक बार फिर किस्मत आजमा रहीं जिनका मुकाबला भाजपा की विनीता कोल और आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी राधा कोल से होना है। वार्ड क्रं. 8 से पूर्व पार्षद एवं पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश परौहा भाजपा प्रत्याशी के रूप में तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। इंद्रा नगर और पनिहाई क्षेत्र वाला यह वार्ड पिछले 4 चुनावों से परौहा परिवार के पास रहा। दो बार सुरेश परौहा और दो बार उनकी भाभी रूकमणी परौहा यहां से पार्षद चुनीं जा चुकी हैं। इस बार वार्ड अनारक्षित होने के कारण सुरेश परौहा भाजपा प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। कांग्रेस में यहां से युवा चेहरे पित्रेश पाण्डेय को मैदान में उतारा है वहीं कांग्रेस नेता मनोज चौहान की पत्नी माधुरी सिंह बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही। कविता बर्मन, गुड़िया बर्मन, किरण बर्मन और समसुन बी, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में हैं। पिछली बार वार्ड क्रं. 11 से पार्षद निर्वाचित होने वाली शांति यादव इस बार वार्ड क्रं. 9 से अपनी किस्मत आजमा रही। भाजपा महिला मोर्चे की अध्यक्ष एवं समाजसेवी संगठन से जुड़ी शांति यादव को भाजपा ने यहां से उम्मीदवार बनाया है। जिनका मुकाबला कांग्रेस की मिथलेश बर्मन सहित दो निर्दलीय प्रत्याशियों कृष्णा-विनोद एवं मंजूलता सोनी से हो रहा। वार्ड क्रं. 10 से अजय शर्मा पिछली बार पार्षद चुनकर परिषद में पहुंचे थे जो बाद में उपाध्यक्ष भी निर्वाचित हुए। यह वार्ड इस बार अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित हो जाने के कारण अजय शर्मा तो मैदान में नहीं हैं पर उन्होंने अपनी पत्नी मनीषा शर्मा को भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनावी समर में उतारा है। जिनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व पार्षद महेन्द्र सोनी की पत्नी एस.महेन्द्र सोनी सहित तीन निर्दलीय उम्मीदवारों से होना है जिनमें विमला शुक्ला, अंजु अशोक बर्मन एवं अनीता बोस से होना है। वार्ड क्रं. 12 से निर्वृतमान पार्षद जावेद मियांदाद भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे जो पिछली बार वार्ड क्रं. 14 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पार्षद चुनकर परिषद में पहुंचे थे। इस बार वार्ड क्रं. 14 पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हो जाने के कारण वे वार्ड क्रं. 12 से अपनी किस्मत आजमा रहे। जहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व पार्षद रफीक खान सहित निर्दलीय प्रत्याशी आरिफ खान, धीरज चौबे एवं शफीक खान से हो रहा। निर्दलीय प्रत्याशी आरिफ खान की मां हुस्नबानो तथा पिता मो. हुसैन खान भी यहां से पार्षद रह चुके हैं। इस बार आरिफ खान ने भाजपा से टिकट मांगी थी पर टिकट नहीं मिलने के बाद वे बागी प्रत्याशी के रूप में मैदान में मौजूद हैं। वार्ड क्रं. 13 से भाजपा और कांग्रेस ने नए चेहरे मैदान में उतारे हैं। भाजपा ने जहां शालिनी पाण्डेय को प्रत्याशी बनाया है वहीं कांग्रेस में ऊषा चौहान को मैदान में उतारा है। यहां से पूर्व पार्षद अनीता सेन निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में मौजूद हैं, एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी मनोरमा भी इसी वार्ड से अपनी किस्मत आजमा रही। वार्ड क्रं. 14 से नगर पंचायत की प्रथम अध्यक्ष रहीं नीतू रजक कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहीं, जिनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी रजिया बेगम सहित तीन निर्दलीय प्रत्याशियों रिजवाना सद्दाम, शकीना बेगम एवं यासमीन अंसारी से होना है। नगर परिषद का वार्ड क्रं. 15 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है पिछले बार भाजपा की गौरी बाई यहां से पार्षद निर्वाचित हुई थी इस बार भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी न बनाकर नया चेहरा बैसाखू कोल के रूप में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने युवा चेहरे विपिन बैगा को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व पार्षद गौरीबाई एवं कांग्रेस प्रत्याशी विपिन बैगा के भाई पूर्व पार्षद वीरेन्द्र बैगा यहां से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे। एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी कविता राम भी चुनावी समर में मौजूद हैं। 2022 में हो रहे नगर परिषद चुनाव में भाग ले रहे इन निवृतमान एवं पूर्व पार्षदों में से मतदाता किनको मौका देगा और किन्हें परिषद से बाहर कर देगा इसका फैसला मतदान और मतगणना के बाद होगा। यहां निकाय चुनाव के प्रथम चरण में 6 जुलाई को मतदान होना है।





# स्लीमनाबाद में इसी सत्र से शुरू हो रहे बीएससी-बीकॉम संकाय

### मांग पूरी होने पर विद्यार्थी परिषद ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**कटनी (यशभारत)।** बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के स्लीमनाबाद में संचालित शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अब बीएससी और बी कॉम के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के बाद यहां इसी सत्र से बी कॉम और बीएससी की कक्षाएं प्रारंभ हो रहीं हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इसे परिषद की एक बड़ी जीत बताया है। जिला संयोजक ऋषभ मिश्रा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जिला आगमन पर विद्यार्थी परिषद द्वारा उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर स्लीमनाबाद में कॉमर्स एवं विज्ञान संकाय प्रारंभ किए जाने की मांग की गई थी। विद्यार्थी परिषद की इस मांग को उचित ठहराते हुए मुख्यमंत्री ने इसे जल्द पूरा कराए जाने का भरोसा दिलाया था। मुख्यमंत्री ने परिषद से किया अपना वादा निभा दिया है और इसी सत्र से स्लीमनाबाद सहित आस-पास के ग्रामों के छात्र-छात्राओं को अब बीएससी या बी कॉम की पढ़ाई करने जबलपुर या सिहोरा नहीं जाना पड़ेगा। वे स्लीमनाबाद के शासकीय महाविद्यालय से ही इन संकायों की पढ़ाई कर सकेंगे। इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थी परिषद मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन का आभार व्यक्त किया है।

### पुर्न मतदान की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# गुड़गुड़ौहा में फर्जी मतदान का आरोप



**कटनी (यशभारत)।** विजयराघवगढ़ जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुड़गुड़ौंहा में गत 25 जून को हुए सरपंच के चुनाव में फर्जी मतदान के आरोप लगाए जा रहे। सरपंच पंच की प्रत्याशी रही साधना राजू विश्वकर्मा सहित उनके समर्थकों ने पुलिस थाने के बाद बीते मंगलवार को एसडीएम के समक्ष उपस्थित होकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा है और गुड़गुड़ौंहा के मतदान क्रं. 132 में पुनः मतदान कराए जाने की मांग की है। लिखित ज्ञापन में प्रत्याशी और उनके समर्थकों द्वारा बताया गया कि गुड्गुड्ौंहा पंचायत के मतदान केन्द्र क्रमाक 132 में निर्धारित समय तक 379 मत पड़े होने की जानकारी दी गई थी। साथ ही प्रत्याशी साधना विश्वकर्मा को विजयी बताया गया था। प्रत्याशी और उनके समर्थक जब जीत का जश्न मना रहे थे तब उन्हें पता लगा कि चुनाव में एक अन्य प्रत्याशी सुशीला बर्मन को विजयी घोषित कर दिया गया है। कुल पड़े मतों की संख्या भी 379 से बढ़कर 439 बताई गई। आरोप में कहा गया है कि समय बीत जाने के बाद मतदान केन्द्र में पीछे के दरवाजे से पहुंचकर कुछ लोगों द्वारा एक प्रत्याशी के पक्ष में फर्जी मतदान किया गया जिससे यहां चुनाव परिणाम बदल गए। मतदान खत्म होने के तत्काल बाद प्रत्याशी की ओर से रिर्टनिंग ऑफीसर एवं पीठासीन अधिकारी से इसकी शिकायत की गई थी जिसे अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया। बाद में प्रत्याशी के साथ सैकड़ों की संख्या में समर्थक थाने भी पहुंचे थे जहां उनकी शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। मंगलवार को प्रत्याशी एवं समर्थकों की भीड़ विजयराघवगढ़ एसडीएम कार्यालय पहुंची जहां एसडीएम को लिखित ज्ञापन सौंपकर गुड़गुड़ौहा पंचायत में मतदान रद्द कर पुनः मतदान कराए जाने की मांग की गई है।




# डीपीएस में आयोजित हुआ भव्य एकल, युगल नृत्य समारोह

**कटनी (यशभारत)।** विगत दिवस दिल्ली पब्लिक स्कूल में एकल एवं युगल नृत्य प्रतियोगिता का भव्य समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निर्माता उत्तम चंद जैन के कर कमलों द्वारा हुआ। विद्यालय के प्रबंध निर्देशक विद्यालय निदेशिका श्रीमती जूही जैन की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही। दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तालियों की गड़गड़ाहट से सारा विद्यालय प्रांगण गूँज उठा। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में विशाल विश्वकर्मा, प्रीति जायसवाल, विष्णु सरकी गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही। सभी प्रतिभागीगण एक से बढ़कर एक एकल एवं युगल नृत्य प्रस्तुत कर रहे थे प्रतिभागियों के नृत्य प्रस्तुति को देखकर सभी दर्शकगण आनंद विभोर, मन्त्रमुग्ध होग, विद्यालय प्राचार्या एवं उपप्राचार्या सहित सभी शिक्षकों की उपस्थिति सराहनीय रही नृत्य शिक्षिका नेहा श्रीवास्तव मिस व् तरुण सर, पूनम मिस, विनीता मिस, नीतू मिस, वीरेंद्र सर, अफरीन मिस, शिवानी मिस, रजनीश सर, संदीपा मिस, जीतेन्द्र सर, आशिद सर, धर्मेन्द्र सर का विशेष योगदान देखने को मिला। सभी प्रतिभागियों का अवलोकन करने के बाद रिजल्ट इस प्रकार रहा। किड्स ग्रुप में स्नेहा झारिया, पीहू अग्रहरी, वर्तिका नामदेव, जूनियर ग्रुप रानी ठाकुर, काव्या श्रीवास्तव, प्रतिक्षा दुबे, सीनियर ग्रुप में शैरन मैरी, मोहित कुर्मी, राहुल शुक्ला, ग्रुप डांस में नृत्यांगना डांस एंड थिएटर अकादमी कटनी ध्याना गोलछा एंड ग्रुप दिल्ली पब्लिक स्कूल, कटनी किड्स संतावना काव्या पटेल आराध्या श्रीवास्तव शिवा यादव,अनिका जैन, जूनियर संतावना मुस्कान मूलचंदानी, मोहनी कोल, देवांशी विशवास, सीनियर संतावना हर्षा सचदेव, साहिल सेन, देवा वंशकार, विशेष पुरुषकार शौर्या श्रीचंदानी, कार्यक्रम का समापन करते हुए विद्यालय निदेशिका ने सभी प्रतिभागियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और आगामी भविष्य की उज्जवल कामना की।

# सीईओ ने अमृत सरोवर इमलिया का किया निरीक्षण



**कटनी (यशभारत)।** बारिश के पानी को सहेजने जिले भर में जल संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। जल संवर्धन एवं संरक्षण हेतु अमृतसरोवरों का निर्माण कार्य प्राथमिकता से कराए जाने हेतु कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत जगदीशचंद्र गोमे द्वारा निरंतर भ्रमण करते हुए निर्माणाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया जा रहा है। मंगलवार को श्री गोमे ने जनपद कटनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इमलिया एवं छहरी के निर्माणाधीन तालाबों का निरीक्षण किया। इमलिया में कार्य की प्रगति संतोषजनक पाई एवं मेढ़ में आवश्यक सुधार कार्य के निर्देश दिए। छहरी में निर्देशों के अनुरूप सुधार कार्य नहीं कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त की एवं तीन दिवस में खुदाई कार्य पूर्ण कराने के साथ एक सप्ताह में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश प्रदान किये। सीईओ जिला पंचायत गोमे द्वारा विगत सप्ताह उक्त ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर सरोवर निर्माण में आवश्यक सुधार करते हुए कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए थे। श्री गोमें ने निर्माण एजेंसी को हिदायत देते हुए कहा कि ऐसे तालाबों का निर्माण करें जिनमें बारिश के पानी से पर्याप्त मात्रा में जलभराव हो।

# जिले में अब तक 101.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी (यशभारत)।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 29 जून की अवधि तक कुल 101.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है



जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 157.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 95.2 मिलीमीटर, रीठी में 98.7 मिली मीटर, बड़वारा में 90.0 मिलीमीटर, बरही में 94.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 74.2 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 141.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 119.4 मिलीमीटर एवं ढीमरखेड़ा में 102.1 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

# कैमोर अमरैयापार में किया गया ईव्हीएम का प्रदर्शन



**कटनी (यशभारत)।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक कर मतदान का प्रतिशत बढाने के उद्वेश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में जिले के विभिन्न स्थलों में प्रतिदिन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नगारिकों को मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेंरित किया जा रहा है। नगरीय निकाय आम निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कैमोर स्थित वार्ड क्रमांक 14 अमरैयापार एवं कचहरी क्षेत्रांतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों को ईवीएम मशीन कंट्रोल यूनिट एवं वैलेट यूनिट के संबंध मे जानकारी प्रदान की जाकर ईवीएम मशीन से वोटिंग करने की प्रकिया से अवगत कराया जाकर मताधिकार का उपयोग करने हेतु नागरिकों को जागरूक किया गया। इस दौरान नागरिकों को मताधिकार के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर मतदान दिवस को सारे काम छोडकर मतदान करनें की अपील भी की गई।

### 6 एवं 13 जुलाई को मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

राज्य शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने आदेश जारी कर नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के दोनों चरणों की तिथियों के दिन परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट) के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। पहले चरण का मतदान बुधवार 6 जुलाई को और दूसरे चरण का मतदान बुधवार 13 जुलाई को जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में होना है। इन तारीखों के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद, नगरपरिषद एवं अन्य स्थानीय संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को निर्वाचन में मतदान के अधिकार का उपयोग सुविधाजनक रूप से करनें के लिए संबंधित क्षेत्र में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# दूसरे चरण के मतदान पूर्व चली गोली

## बाल-बाल बचे क्षेत्र क्रमांक 8 से जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार कन्हैया



### सरसवाही ग्राम पंचायत के पास घटना



**कटनी, यशभारत।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के ठीक एक दिन पूर्व आज सुबह क्षेत्र क्रमांक 8 से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहे कन्हैया तिवारी पर गोली चलाए जाने की घटना प्रकाश में आई है। गोली चलाने का आरोप बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों पर लगाया जा रहा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र क्रमांक 8 से जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार सिविल लाइन निवासी कन्हैया तिवारी आज सुबह अपनी जीप में सवार होकर क्षेत्र में अपने पक्ष में बना माहौल जानने निकले थे। इसीदौरान ग्राम जुहला-जुहली के आगें सरसवाही ग्राम पंचायत के पास बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उनपर गोली चलाई। बताया जाता है कि बंदूक से निकली गोली कार सवार कन्हैया तिवारी के पास गुजरी तथा वो बाल-बाल बच गए लेकिन कार में गोली लगने से छेद हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह, एनकेजे थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उधर इस घटना को लेकर क्षेत्र में कई तरह की चर्चाओं का बाजार सरगर्म है तथा अधिकांश लोग घटना को ही संदिग्ध बता रहे हैं। बहरहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## रीठी के कोड़ाई जंगल में घटना

# बकरी चराने जंगल गए युवक पर तेंदुए ने किया हमला

### हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती



**कटनी, यशभारत।** रीठी थाना अंतर्गतकोड़ाई के जंगल में बकरी चराने गए युवक पर तेंदुए ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को पहले रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बाद में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोड़ाई निवासी 30 वर्षीय हल्के सिंह पिता चंदू सिंह गांव से लगे जंगलों में बकरिया चराने गया था। बताया जाता है कि हल्के सिंह जब जंगल से बकरिया लेकर वापस घर लौट रहा था। उसीदौरान झाड़ियों से निकलकर तेंदुए ने हमला कर दिया। इस दौरान आसपास मौजूद कुत्तों के झुंड ने तेंदुए पर हमला किया तो घबराकर तेंदुआ भाग गया। बाद में शोर मचाने पर ग्रामीण मदद के लिए दौड़े और तेंदुए के हमले में घायल हल्के सिंह को रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे गहन उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।



# ऑनलाइन सेंटर में आरपीएफ का छापा

### डेढ़ लाख रूपए कीमती 127 ई-रिर्जवेशन टिकट के साथ संचालक गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** रेल प्रशासन ने एक बार फिर अनाधिकृत रूप से रेल टिकिट बनाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का मन बना लिया है। गर्मी के सीजन को देखते हुए रेल प्रशासन ने ऑपरेशन उपलब्ध के तहत अवैध ई-टिकट का कारोबार करने वाले दलालों के खिलाफ रेल सुरक्षा बल के नेतृत्व में छापामार कड़ी कारवाई शुरू कर दी है। जिसके तहत रेल सुरक्षा बल पोस्ट न्यू कटनी जंक्शन द्वारा की गई एक कार्यवाही में रुपये 1 लाख 46 हजार 873 रूपए कीमत के कुल 127 ई-रेल टिकटों को जप्त करके रेल अधिनियम धारा 143 के तहत कार्यवाही की गयी है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक ब्यौहारी कमल सिंह, सहायक उपनिरीक्षक अजय सिंह कछवाह, प्रधान आरक्षक आशुतोष अवस्थी, प्रधान आरक्षक संजय समाधिया, आरक्षक इन्द्रराज यादव, आरक्षक अरविंद यादव के साथ 28 जून को सूचना के आधार पर ब्यौहारी में एक ऑनलाइन सेंटर में छापा मारा और संचालक को रेल टिकटों का अवैध कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध रेल अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। बताया जाता है कि ब्यौहारी स्थित प्रशांत कम्प्यूटर ऑनलाइन सेंटर में छापे के दौरान संचालक प्रशांत गुप्ता के द्वारा रेलवे अधिकृत एजेंट की अनुमति के बिना अपनी पर्सनल यूजर आईडी एवं एजेंट आईडी से ई-टिकट के माध्यम से 125 रेल ई-टिकटें जिनकी कुल कीमत 1 लाख 45 हजार 111 रूपए और 02 लाइव टिकट जिनकी कीमत 1762 रूपए सहित कुल 127 रेल ई-टिकटें जिनकी कुल कीमत रुपए 1 लाख 46 हजार 873 रुपए जप्त की गई। टीम ने सेंटर से एक नग सीपीयू भी जप्त किया है। आरपीएफ ने ऑनलाइन सेंटर संचालक प्रशांत गुप्ता के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्यवाही की है।

# प्लाट में भूमिपूजन कर रहे परिवार पर हमला

## इमलिया रोड पर जमीन को लेकर विवाद में चले लात-घूंसे



## एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत इमलिया रोड स्थित प्लाट में निर्माणकार्य के लिए भूमिपूजन कर रहे परिवार पर हमला किए जाने की घटना प्रकाश में आई है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र की प्रति यशभारत को उपलब्ध कराते हुए न्यू एसीसी कालोनी निवासी ज्ञान पिता सेवाराम सहजवानी ने बताया कि गतदिवस जब वह अपने इमलिया रोड स्थित प्लाट पर मकान निर्माण के लिये भूमिपूजन कर रहा था। उसीदौरान वीरेन्द्र तीर्थानी व नवीन मोटवानी अपने 20-25 साथियों के साथ आए और गाली गलौज करते हुये लात घूंसों से मारपीट कर की। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे ज्ञान के परिवारिक सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने मारपीट करते हुये कह भी कहा कि यह हमारा प्लाट है और जो भी इस पर कब्जा करेगा उसे जान खत्म कर देंगे। आरोपियों ने यह भी कहा कि यह प्लाट उनका है और राजस्व रिकार्ड में भी उन्हीं का नाम दर्ज है। ज्ञान सहजवानी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

### दूसरे पक्ष ने भी लगाए गंभीर आरोप

ऊधर इस मामले को लेकर दूसरे पक्ष वीरेन्द्र तीर्थानी ने बताया कि उन्होंने 2003 में इमलिया रोड पर गांधी मार्केट में करीब एक एकड़ जमीन खरीदी थी, जिसकी रजिस्ट्री उनके पास है। वीरेंद तीर्थानी ने आरोप लगाया कि गत दिवस ज्ञान सहजवानी अपने 15-20 साथियों के साथ वहांपहुंचा और उसने करीब 400 फीट जमीन पर अवैध कब्जा किया। सूचना मिलने पर उन्होंने नवीन मोटवानी को स्थिति देखने भेजा। नवीन ने जब जमीन पर कब्जा करने से रोका तो ज्ञान सहजवानी और उनके 15-20साथियों ने मोटरसायकल गिरा दी और जमकर मारपीट की तथा माधवनगर में जिंदा जलाने की धमकी दी। आधे घंटे तक आतंक मचाकर क्षेत्र में दहशत का माहौल बनाया। वीरेंद्र तीर्थानी ने शिकायत में आरोप लगाया कि जमीन का सीमांकन, पटवारी की फील्डबुक, चौहद्दी की नापजोख, टाऊन एंड कंट्री की अनुमति नहीं होने के बावजूद द्वारा जबरदस्ती अवैध तरीके से गुण्डागर्दी से जमीन पर अवैध कब्जे का दुस्साहस किया जा रहा है। वीरेन्द्र तीर्थानी ने बताया कि इसके पूर्व गांधी मार्केट में सुशील मोटवानी की दुकान नंबर 95-96 में ज्ञान सहजवानी ने अवैध कब्जा किया है। जिसकी शिकायत सुशील मोटवानी ने पुलिस अधीक्षक से पूर्व में की थी।



# कटनी स्टेशन में मिला उचेहरा से भागा किशोर

### आरपीएफ ने बाल कल्याण समिति को सौंपा

**कटनी, यशभारत।** आरपीएफ ने नन्हे फरिस्ते अभियान के तहत कटनी स्टेशन में घर से भागे एक किशोर को सुरक्षित दस्तयाब कर बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया है। बताया जाता है कि पड़ोसी जिला सतना के उचेहरा थाना अंतर्गत ग्राम कारी माटी निवासी 17 वर्षीय क्षेत्रपाल प्रजापति पिता शंकर लाल गतदिवस घर से नाराज होकर भागा और किसी ट्रेन में बैठकर कटनी आ गया। आरपीएफ उपनिरीक्षक हिम्मत सिंह गर्जर, आरक्षक भारद्वाज व आवाज जन कल्याण संस्था को क्षेत्रपाल लावारिस हालत में मिला। परिजनों का मोबाइल नंबर क्षेत्रपाल नहीं बता पाया। आरपीएफ ने क्षेत्रपाल का मेडिकल कराकर बच्चे की देखरेख हेतु बाल कल्याण समिति को सुपुर्द करने हेतु आवाज जन कल्याण संस्था टीम प्रतिनिधि देवेन्द्र गुप्ता समन्वयक को सुपुर्द किया है। मामले में उचेहरा पुलिस के माध्यम से परिजनों को सूचना भेज दी गई है।

# गाज गिरने से युवक की मौत, बाल-बाल बचा बालक

### बड़वारा के गोपालपुर में घटना

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की जान चली गई जबकि वहीं खेल रहा बालक बाल-बाल बच गया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गोपालपुर बस्ती के अंदर बुधवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से 18 वर्षीय दुर्गेश पिता रामखिलावन कुशवाहा की मौत हो गई जबकि पास ही खेल रहा 8 वर्षीय अजीत पिता मुकेश यादव बाल-बाल बच गया। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।


प्लॉट बिकाऊ हैं
यादव गैस एजेंसी, विवेकानंद वार्ड लखेरा, कटनी में 1925 फीट का प्लॉट कीमत 600/- वर्गफुट डबल रोड एवं पाठक वार्ड सन्यासी बाबा गली, कटनी में 900 फीट कीमत 2000/- वर्गफुट विथ डायवर्सन प्लॉट बिकाऊ हैं।
संपर्क-जूली गुप्ता, मो. 8818908382

जायसवाल इंटरप्राईजेस
चुनाव प्रचार सामग्री
झंडा, मफलर, टोपी, बिल्ले, टी-शर्ट, पेपर लडी, बाईक झंडा, डमी ई.वी.एम.
Mob. 9098263208,7000281913
पता- कचहरी चौराहा, MGM Hospital के पास, कटनी

चुनाव प्रचार सामग्री
फ्लैक्स बैनर, विजिटिंग कार्ड, पोस्टर, स्टीकर, टी-कैप, टोपी, पम्फलेट, झण्डा, पटका, बैलेट पेपर नमूना, लड़ी झालर, बाईक झण्डा, स्टीकर, बिल्ला, वोटर पर्ची
नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, जिला पंचायत एवं सभी राजनीतिक दलों और आजाद उम्मीदवारों की चुनाव प्रचार सामग्री तैयार की जाती है।
कृष्णा ट्रेडर्स
सुभाष चौक (अंग्रेजी शराब दुकान के बाजू में) कटनी (म.प्र.)
Mob. 9981670040, 9009670040

जमीन/भूखंड बेचना है
नगर निगम कटनी अन्तर्गत झिंझरी (महाराणा प्रताप वार्ड कटनी) में स्थित लगभग 60000 (साठ हजार) वर्गफुट आवासीय जमीन बेचना है। मल्टी भवन निर्माण, गोदाम निर्माण एवं अन्य उपयोग हेतु इच्छुक व्यक्ति जमीन क्रय करने हेतु संपर्क कर सकते हैं।
संपर्क
राजेन्द्र प्रसाद पाठक
मो. 9294612646, 9179108088

TIMES ACADEMY
दसवीं बारहवीं के ओपन स्कूल से फार्म भरें
आर्टस/कामर्स/मैथ्स/बायो
B.sc. मैथ्स/बायो
रेग्यूलर/प्राइवेट करें
पता- डॉ. हरचंदानी के सामने शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9200173627



यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

PRE. REGISTRATION साईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

KINETIC GREEN
कटनी का एकमात्र विश्वसनीय इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम
पेट्रोल की लाईन से छुटकारा पैसे और समय की बचत सालाना इंश्योरेंस से मुक्ति तिमाही इंजन ऑयल एवं अन्य खर्चों से बचत पी.यू.सी. की जरूरत नहीं ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में बचाव कीमत भी बजट में
फायदा ही फायदा
वजन में हल्की होने से सभी आयु वर्ग के लिए उत्तम
ZOOM ELECTRIC
ZING ELECTRIC
Perfomance 100 Km/Charge
Charging Time 3 hours No licence
No registration
अधिकृत विक्रेता
कार्तिक मोटर्स
सफर करने की अपनी स्वतंत्रता
संस्कार भारती स्कूल के पास के जालपा मंदिर रोड, कटनी फोन 07622-356550, मो. 9993299677, 9893435177



PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)